_/_/_

Tender Heart High School, Sector 33-B, Chandigarh

Date -  Class - V

Subject - Hindi Language  Page-1

Subject Teacher - Ms. Roma Rani

पुस्तक - भाषा किरण

'सर्वनाम'

सुप्रभात प्यारे बच्चो !

यह पाठ कक्षा पाँचवी की हिन्दी व्याकरण का है। इस पाठ में आज हम सर्वनाम के बारे में पढ़ेंगे। आपने पिछली कक्षा में संज्ञा तथा उसके प्रकारों के बारे में पढ़ा था। आप जानते ही हैं कि - किसी व्यक्ति, स्थान, भाव तथा वस्तु आदि के नाम को संज्ञा कहते हैं। आज हम संज्ञा शब्दों के स्थान पर प्रयोग किए जाने वाले सर्वनाम शब्दों के बारे में पढ़ेंगे।

सर्वनाम :- जो शब्द संज्ञा शब्दों के स्थान पर प्रयोग किए जाते हैं, वे सर्वनाम कहलाते हैं। उदाहरण - (1) मैं घूमने जाऊँगा।
(2) वह पुस्तक राम की है।

सर्वनाम के छह प्रकार होते हैं।

(1) पुरुषवाचक सर्वनाम
(2) निश्चयवाचक सर्वनाम
(3) अनिश्चयवाचक सर्वनाम
(4) प्रश्नवाचक सर्वनाम
(5) संबंधवाचक सर्वनाम
(6) निजवाचक सर्वनाम

Scanned with CamScanner

_/_/__

Date -                Class - V

Subject - Hindi Language        Page-2

Subject Teacher - Ms. Roma Rani

(1) पुरुषवाचक सर्वनाम :- जिस सर्वनाम का प्रयोग बोलनेवाला अपने लिए, सुननेवाले के लिए या किसी अन्य के लिए करता है, उसे पुरुषवाचक सर्वनाम कहते हैं ; जैसे - मैं, हम, तुम, वे आदि।

उदाहरण - (1) मैं विद्यालय जा रही हूँ।

(2) हम खाना खा रहे हैं।

(2) निश्चयवाचक सर्वनाम :- जिस सर्वनाम का प्रयोग किसी निश्चित वस्तु या व्यक्ति की ओर संकेत करने के लिए किया जाता है, उसे निश्चयवाचक सर्वनाम कहते हैं ; जैसे - ये, वे, यह वह, इस, उस आदि

उदाहरण - (1) यह किताब रवि की है।

(2) वह खाना खा रहा है।

(3) अनिश्चय वाचक सर्वनाम :- जिस सर्वनाम से किसी निश्चित वस्तु या व्यक्ति का बोध नहीं होता ; उसे अनिश्चयवाचक सर्वनाम कहते हैं ; जैसे - कोई, कुछ, किसी, किन्हीं आदि।

उदाहरण - (1) दरवाज़े पर कोई खड़ा है।

(2) दाल में कुछ गिरा है।

(4) प्रश्नवाचक सर्वनाम :- जिस सर्वनाम शब्द का प्रयोग प्रश्न पूछने के लिए किया जाता है, उसे प्रश्नवाचक सर्वनाम कहते हैं ; जैसे - क्या, कौन, किसे, कहाँ, किन्हें, किसने

Scanned with CamScanner

__/__/__

Date- Class - V
Subject- Hindi Language Page - 3
Subject Teacher- Ms Roma Rani

आदि।
उदाहरण :- (1) तुम्हारा क्या नाम है?
(2) तुम कहाँ रहते हो?

(5) संबंधवाचक सर्वनाम - जिन सर्वनाम शब्दों का प्रयोग संबंध बताने के लिए किया जाता है, उन्हें संबंधवाचक सर्वनाम कहते हैं; जैसे - उतना - जितना, जैसा - वैसा, जो - सो आदि।
उदाहरण - (1) जो पढ़ेगा, सो सफल होगा।
(2) जैसा करोगे, वैसा भरोगे।

(6) निजवाचक सर्वनाम - जिन सर्वनाम शब्दों का प्रयोग कर्ता अपने लिए करता है, उन्हें निजवाचक सर्वनाम कहते हैं; जैसे - स्वयं, अपने-आप, खुद आदि।
उदाहरण :- (1) मैं अपना गृहकार्य स्वयं करती हूँ।
(2) मैं अपने - आप चला जाऊँगा।

⇒ निम्नलिखित वाक्यों में से सर्वनाम शब्द छाँटकर उसके प्रकार का नाम लिखें -

(1) यह राधा की साइकिल है।

(2) बाहर कोई आया है।

(3) मैं कल दिल्ली जाऊँगा।

Scanned with CamScanner

Date -  Class - V
Subject - Hindi Language  Page - 4
Subject Teacher - Ms. Roma Rani

(4) देखो तो कौन आया है ?

(5) जैसी करनी, वैसी भरनी ।

(6) नेहा अपना कमरा स्वयं साफ़ करती है ।

(7) खाने में कुछ कमी लग रही है ।

(8) वह गीता का भाई है ।

(9) जिसकी लाठी, उसकी भैंस ।

(10) तुम कहाँ जा रहे हो ?

नोट:- बच्चो उपर्युक्त विषय वस्तु को ध्यान से पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देने का प्रयास करो तथा नोट बुक में भी लिखो। पुस्तक भाषा किरण में दिया गया अभ्यास कार्य भी भेजा जा रहा है। इसे हल करने का प्रयास करो।

Last page